हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 7 जुलाई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 साइबर सेल ने 36 लाख रुपए के 210 गुम मोबाइल ...



07 संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी...



## खबर संक्षेप

### प्राचीन सिद्ध गणेश मंदिर में सौंदर्यीकरण

**सीहोर।** प्राचीन सिद्ध गणेश मंदिर में सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। पहले मंदिर के सामने का काम पूरा किया गया। अब मंदिर के पीछे की तरफ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धौलपुरी पत्थर लगाया जा रहा है। मंदिर परिसर में अच्छे पौधे लगाए जाएंगे। दूधिया लाइटिंग लगाई जाएगी। इससे रात में भी मंदिर परिसर जगमगाएगा। इसका काम भी किया जा रहा है। सिद्ध गणेश मंदिर के प्रबंधक पुजारी चारु चंद्र व्यास, भुवनेश व्यास, नरेंद्र व्यास ने कहा कि आगे भी भक्तों की सुविधा के लिए सौंदर्यीकरण का काम जारी रहेगा।

### जिले में अब तक औसत 280.6 मिमी बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में मानसून सक्रिय हैं। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार 5 जुलाई 2026 को जिले में औसतन 10.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 27.0 मिमी वर्षा जावर तहसील में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा श्यामपुर में 22.0 मिमी, रेहटी में 12.2 मिमी, भैरूंदा में 11.0 मिमी, आष्टा में 7.0 मिमी, इछावर में 4.0 मिमी तथा सीहोर में 1.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बुधनी तहसील में वर्षा दर्ज नहीं की गई। 1 जून 2026 से 5 जुलाई तक जिले में औसतन 280.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि इसी अवधि में गत वर्ष 228.1 मिमी वर्षा हुई थी।

## चक्काजाम के बाद विधायक ने रुकवाया ब्रिज का काम, बोले: पहले बनाओ सर्विस रोड

# विधायक सुदेश राय की चेतावनी के बाद निर्माण एजेंसी ने शुरू करवाया सर्विस रोड का काम

प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध दर्ज कराने के लिए लोगों ने सड़क पर ही अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की 'सद्बुद्धि' के लिए यज्ञ-हवन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



सीहोर जिला मुख्यालय स्थित हाउसिंग बोर्ड और चाणक्यपुरी कॉलोनी के रहवासियों ने रविवार दोपहर निर्माणाधीन ओवरब्रिज में कथित लापरवाही और सर्विस रोड नहीं बनने के विरोध में चक्काजाम कर दिया। सैकड़ों की संख्या में लोग ओवरब्रिज के पास सड़क पर उतर आए और जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध दर्ज कराने के लिए लोगों ने सड़क पर ही अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की 'सद्बुद्धि' के लिए यज्ञ-हवन किया। रहवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से सर्विस रोड की मांग कर रहे हैं। इसके लिए कई बार अधिकारियों को आवेदन दिए और जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उनका आरोप है कि उन्हें सिर्फ आश्वासन मिले, जबकि निर्माण कार्य में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। इसी के चलते उन्हें चक्काजाम जैसा कदम उठाना पड़ा। विधायक सुदेश राय की चेतावनी के बाद निर्माण एजेंसी ने सर्विस रोड का काम शुरू कराया दिया है।

**धूल, कीचड़ और हादसों का बढ़ा खतरा :** प्रदर्शनकारियों के अनुसार, ओवरब्रिज निर्माण की धीमी गति और सर्विस रोड नहीं होने से कॉलोनियों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। धूल, कीचड़ और अधूरे निर्माण के कारण लोगों को रोज परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्विस रोड के अभाव में हर समय सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। रहवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द सर्विस रोड का निर्माण कर समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी ब्रिज कॉर्पोरेशन और प्रशासन की होगी।

**प्रशासन को अल्टीमेटम :** विधायक के इन तेवरों के बाद निर्माण कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। रहवासियों ने विधायक सुदेश राय के इस कदम की सराहना की है, लेकिन साथ ही ब्रिज कॉर्पोरेशन और प्रशासन को चेताया है कि जब तक धरातल पर सर्विस रोड का काम शुरू नहीं होता, उनका रुख विरोध जारी रहेगा।

### विधायक सुदेश राय ने बंद कराया काम

चक्काजाम और भारी विरोध की सूचना मिलते ही विधायक सुदेश राय तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने न सिर्फ जनता के दर्द को समझा, बल्कि अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक जनता के लिए सर्विस रोड का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक ओवरब्रिज का आगे का काम पूरी तरह बंद रहेगा। इतना ही नहीं विधायक ने मौके पर मौजूद कोतवाली टीआई रवीन्द्र से कहा कि कि आप इन सभी निर्माण मशीनों की चाबियां निकाल लें।



## सूने घर में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, 40 हजार का चोरी का माल बरामद, घर का ताला तोड़कर घुसा था



**सीहोर।** पुलिस ने नकबजनी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया है। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के निर्देशन और रेहटी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

**सूने घर को बनाया था निशाना :** ग्राम पथोडा निवासी जोगेश यादव ने रेहटी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 3 और 4 जुलाई की दरमियानी रात अज्ञात चोर ने उनकी दादी के सूने घर में चोरी की। चोर ने घर में घुसकर लोहे की पेटी का ताला तोड़ा और उसमें रखे चार चांदी के कड़े, एक चांदी की चेन और करीब 9 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर रेहटी थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(1) और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने विशेष टीम बनाई। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने ग्राम पथोडा निवासी विजय कीर को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसी ने रात के समय घर में घुसकर नकदी और जेवरात चोरी किए थे।

**चोरी का पूरा सामान बरामद :** आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 8,500 रुपये नकद, चार चांदी के कड़े और एक चांदी की चेन बरामद कर ली। बरामद माल की कुल कीमत करीब 40 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

## कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देश पर जल पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम

### जोखिमपूर्ण स्थानों पर कर्मचारियों की तैनाती, सूचना बोर्ड लगाकर सतर्क रहने की अपील





अमरगढ़, रामपुरा कलां, कालियादेव और झरनों पर उमड़ेगी भीड़

मानसून की दस्तक के साथ फिर गुलजार होंगे वॉटरफाल, बीते हादसों से सबक की जरूरत

खबर पर संज्ञान

**सीहोर।** जिले में लगातार हो रही वर्षा और जलस्तर बढ़ने की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार नागरिकों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिले के नदी, तालाब, डैम, वॉटरफॉल सहित अन्य जल पर्यटन एवं जोखिमपूर्ण स्थलों पर आमजन की आवाजाही को नियंत्रित करने तथा संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रशासन द्वारा संबंधित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करते हुए कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं। तैनात कर्मचारी नागरिकों को जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में जाने से रोकने के साथ ही उन्हें आवश्यक सुरक्षा संबंधी जानकारी भी उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रमुख जल पर्यटन स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों पर चेतावनी संबंधी फ्लेक्स और सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से नागरिकों से जलभराव, तेज बहाव एवं गहरे पानी वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की जा रही है।

कलेक्टर बालागुरु के. ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वर्षाकाल के दौरान अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा नदी, तालाब, डैम, वॉटरफॉल एवं अन्य जलाशयों के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं। प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करें।

## रपटों, पुलों और पुलियों पर पानी होने पर रास्ता पार न करें : कलेक्टर बालागुरू के.

**सीहोर।** वर्षा काल को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा वर्षा के दौरान किसी भी प्रकार का जोखिम उठाने से बचें। उन्होंने नागरिकों से कहा है कि रपटों, पुलों एवं पुलियों पर पानी होने की स्थिति में रास्ता पार करने का प्रयास न करें। थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि वर्षा के दौरान नदी, नाले, तालाब, डेम, जलप्रपात (वॉटरफॉल) तथा अन्य जलस्त्रोतों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। इसलिए नागरिक ऐसे स्थानों पर पिकनिक मनाने अथवा घूमने जाने से बचें। उन्होंने अभिभावकों से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे बच्चों को नदी, तालाब, नालों एवं अन्य जलाशयों में नहाने या खेलने के लिए जाने से रोकें तथा उनकी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखें। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी एसडीएम, तहसीलदारों, नगर पालिका सीएमओ तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के नदी-नालों, तालाबों, डेमों, रपटों, पुल-पुलियों, वॉटरफॉल एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी रखें। उन्होंने स्थानीय स्तर पर सतर्कता बनाए रखने, लोगों को समय पर सचेत करने तथा आवश्यकता पड़ने पर जोखिम वाले क्षेत्रों से लोगों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिलेवासियों से मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने, तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन अथवा पुलिस को देने की अपील की है।

## सांसद रोडमल नागर ने किया सुसनेर बामनिया खेड़ी ब्रिज का भूमिपूजन



**नलखेड़ा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्रमांक 1634 अंतर्गत क्षतिग्रस्त पुलों के पुनर्निर्माण कार्य के तहत रविवार को आयोजित कार्यक्रम में कंठाल नदी पर सुसनेर से बामनिया खेड़ी ब्रिज निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। 50 मीटर लंबे इस ब्रिज का निर्माण 2 करोड़ 44 लाख 64 हजार रुपये की लागत से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सुसनेर विधायक भैरोंसिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भैरूसिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य दिलीप सकलेचा, पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, चिंतामन राठौड़ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुसनेर पिंकी राजपाल सिंह सिसौदिया, नगर परिषद अध्यक्ष सुसनेर प्रदीप सोनी, डॉ. सौरभ जैन एवं जनप्रतिनिधिगण, पंचायत पदाधिकारी पार्षदगण अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक जन उपस्थित रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम के इस अवसर पर सांसद श्री नागर ने कहा कि यह पुल बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी एवं कृषि उपज का परिवहन सुगम हो सकेगा। ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाएगा।

**2.44 करोड़ की लागत से 50 मीटर लंबा नया पुल बनेगा**

## जिले में 24 घंटे में 168 मिमी वर्षा दर्ज

**नलखेड़ा।** कार्यालय कलेक्टर (भू-संसाधन प्रबंधन),जिला आगर-मालवा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में गत 24 घंटों में अच्छी वर्षा दर्ज की गई है। 6 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे तक जिले में कुल 168 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले की औसत वर्षा 33.6 मिमी रही है। जिले में सर्वाधिक वर्षा नलखेड़ा तहसील में 1 जून से अब तक 297 मि.मी दर्ज की गई है। सुसनेर में पिछले 24 घंटे में 67 मिमी, 1 जून से अब तक 239 मिमी,आगर में 65 मिमी, 1 जून से अब तक 182 मिमी,नलखेड़ा में 28 मिमी, 1 जून से अब तक 297 मि.मी- बड़ोद में 4 मिमी, 1 जून से अब तक 163 मिमी,सोयतकलां में 6 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे तक 4 मिमी वर्षा पिछले 24 घंटे में एव 1 जून से अब तक 245 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### 7 दिवस का दिया समय, आंदोलन की चेतावनी

## सान्दीपनि स्कूल नए भवन में संचालित करने की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

करोड़ों रूपये की लागत से एक वर्ष से बनकर तैयार सान्दीपनि स्कूल के नए भवन में स्कूल संचालन की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा बीईओ एवं सान्दीपनि स्कूल के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सात दिवस में नए भवन में संचालन प्रारम्भ नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार त्रिवेदी एवं सान्दीपनि स्कूल के प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी को ज्ञापन सौपे गए ज्ञापन में बताया गया कि करोड़ो रूपये की लागत से सांदीपनि विद्यालय का भवन एक वर्ष से बनकर तैयार हो चुका है लेकिन उसमें अभी तक कक्षाएं संचालित नहीं की जा रही है। वर्तमान में सांदीपनि विद्यालय पुराने भवन में संचालित हो रहा है जहां क्षमता से अधिक विद्यार्थी होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में शीघ्र ही सांदीपनि विद्यालय नए भवन में संचालित करने की मांग करते हुए सात दिवस में नए भवन में संचालन प्रारम्भ नहीं होने पर जन आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम भालोट, पूर्व जिलाध्यक्ष बंशीलाल पाटीदार, संजय नीमा,विपिन पाटनी, देवेंद्र गुप्ता, गिरिराज मौर्य,गोविंद पाटीदार, शौकत अली, रामेश्वर खंडेलवाल, इलियास भाई सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सभी पुल-पुलियाओं और रपटों पर चेतावनी संकेतक लगवाएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

वर्षा काल में अतिवृष्टि बाढ़ की संभावना को देखते हुए जन सुरक्षा के लिए सभी निचले पुल एवं पुलियाओं और रपटों पर पानी के बहाव की स्थिति में यातायात रोकथाम के लिए नामजद कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाए, साथ ही सभी निर्माण विभाग अपने विभाग के सभी पुल पुलियाओं और रपटों पर चेतावनी एवं सड़क सुरक्षा संबंधी संकेतक भी लगवाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित जिला अधिकारियों की बैठक में समय सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा एवं संभागीय एपीसी बैठक के बिंदुओं पर विभागीय प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, अपर कलेक्टर आर पी वर्मा, सुश्री शालिनी श्रीवास्तव सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।





### फूलों की खेती को बढ़ावा दें

बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए उद्यानिकी उपसंचालक को निर्देश दिए कि आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए जिले के अधिकाधिक किसानों को विभिन्न प्रजातियों के फूलों की खेती करने के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रेरित करें फूलों की खेती का क्षेत्र विस्तार करें एवं रकबा बढ़ाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत जिले के लक्ष्य अनुरूप अभी से प्रकरण तैयार कर बैंको को प्रस्तुत करें और बैंकर्स से समन्वय कर स्वीकृति तथा हितलाभ का वितरण करवाए। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती यादव ने निर्देश दिए कि जिले की गौशालाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करें। गौशालाओं में दुधारू पशुओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था के निर्देश दिए, उन्होंने पशुपालकों को चयनित कर ब्रीडर एसोशिएशन के गठन के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत चयनित ग्रामों में सभी पैरामीटर पर प्रगति लाने के निर्देश भी उप संचालक पशुपालन को दिए। बैठक में 8 से 13 जुलाई तक जिले में जनगणना प्रशिक्षण के कार्यक्रम की जानकारी दी गई, कलेक्टर ने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी संबंधित गणना कर्मचारी प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। बैठक में माय युवा भारत जिला प्रतिनिधि ने माय भारत पोर्टल के बारे में विस्तार से प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया, जीआईएस पोर्टल के विकास कुमार ने डिजिटल जीआईएस पोर्टल के बारे में विस्तार से बताया। कलेक्टर ने सभी विभागों को इन दोनों पोर्टल पर अपनी विभागीय आईडी बनाने के निर्देश देते हुए इनका अधिकाधिक उपयोग करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने सभी स्वीकृत प्रोजेक्ट के कार्य तत्काल प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आमला से नलखेड़ा 13.68 किलोमीटर के प्रस्तावित मार्ग के निर्माण से प्रभावित कार्य सेमल खेड़ी में 0.06 हेक्टेयर भूमि के अर्जन की कार्यवाही कर कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक चौबे सेवानिवृत्त समारोह में दी विदाई



**खातेगांव।** 42 वर्षों तक एक ही विद्यालय में सेवा देने वाले आदर्श शिक्षक गोविंद प्रसाद चौबे सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह में जन शिक्षक बलराम पुरोहित, विद्यालय के प्राचार्य सलाम व शिक्षिका सहित अनेक वरिष्ठजन हुए शामिल हुए।जियागांव विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक गोविंद प्रसाद चौबे 30 जून 2026 को 42 वर्षों की गौरवपूर्ण एवं समर्पित शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में जन शिक्षक बलराम पुरोहित, प्राचार्य सारलाम सहित क्षेत्र के अनेक वरिष्ठजन, शिक्षकगण, ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निरीक्षण

**देवास।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सेना गाडरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में निर्माणाधीन सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निरीक्षण विधायक गायत्री राजे पवार ने किया। निरीक्षण के दौरान महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन तथा विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे। विधायक गायत्री राजे पवार ने विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से ट्रैक निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्टेडियम में पेवेलियन भवन के निर्माण प्रस्ताव को शीघ्र मूर्त रूप देने तथा सिंथेटिक ट्रैक की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने पर भी जोर दिया। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अनुसार, सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक के निर्माण से देवास जिले के खिलाडियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

सेफ क्लिक-2.0 अभियान के तहत पुलिस ने लौटाई सैकड़ों परिवारों की मुस्कान

# साइबर सेल ने 36 लाख रुपए के 210 गुम मोबाइल खोजकर मालिकों के सुपुर्द किए

### 2600 फर्जी मोबाइल नम्बर कराए ब्लॉक, 760 आवेदकों की साइबर फ्रॉड में गई 3.06 करोड़ की राशि कराई वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी साइबर जागरूकता अभियान “सेफ क्लिक–2.0” का आयोजन 24 जून से 8 जुलाई तक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार (Cyber Hygiene) को बढ़ावा देना तथा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित रिपोर्टिंग के लिए प्रेरित करना है। इसी के अनुरूप संचालित ₹सेफ क्लिक–2.0₹ अभियान अंतर्गत साइबर सुरक्षा एवं जनजागरूकता के साथ गुम मोबाइलों की प्रभावी खोज एवं सुपुर्दगी की कार्रवाई भी निरंतर की जा रही है।

### साइबर अपराध को लेकर जनता को जागरुक किया गया

सायबर सेल देवास को लगातार प्राप्त हो रहे मोबाइल गुमने संबंधी आवेदन पत्रों पर कार्रवाई करते हुए एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में एएसपी गजेन्द्र सिंह वर्धमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में सायबर सेल देवास द्वारा गुमे हुए कुल 210 मोबाइल कीमती लगभग 36 लाख के खोजे गये हैं। सभी गुम हुए मोबाइल को सेफ क्लिक–2.0 अभियान के 13वें दिन पर सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम देवास में एक कार्यक्रम आयोजित कर एसपी द्वारा संबंधित मोबाइल स्वामियों को वितरित किये गए। साथ ही साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध मे जनता को जागरुक किया गया। मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिकों ने अपनी खोई हुई संपत्ति वापस पाकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा देवास पुलिस की संवेदनशील,त्वरित एवं तकनीक-सक्षम कार्यप्रणाली की सराहना की। उक्त मोबाइल फोन को गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलो से ढुंढकर पुनः आवेदको को लौटाये गये है।




नागरिकों को ₹सेफ क्लिक–2.0 अभियान के अंतर्गत डिजिटल अरेस्ट, निवेश संबंधी साइबर ठगी, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, OTP एवं KYC धोखाधड़ी, QR कोड स्कैम, APK फाइल, फर्जी लिंक तथा सोशल मीडिया हैकिंग जैसे उभरते साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी भी दी गई। साथ ही यह समझाया गया कि साइबर अपराध की स्थिति में गोल्डन ऑवर के भीतर 1930 पर शिकायत दर्ज कराना आर्थिक क्षति को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

### उल्लेखनीय उपलब्धि

ऑपरेशन साइबर₹ के तहत जिला साइबर सेल ने वर्ष 2025-26 में लगभग 1.40 करोड़ की राशि के कुल 875 गुमे हुये मोबाइल फोन को खोजकर,उनके स्वामियों को वापस लौटाये गये है। देवास जिले में साइबर सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता का नया आधार तैयार जाकर, समय पर प्राप्त शिकायतों पर प्रशिक्षित ₹साइबर मित्र₹ एवं जिला साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 760 पीड़ितों को लगभग 3.06 करोड़ की साइबर ठगी की राशि वापस दिलाई गई, जबकि 240 नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट एवं अन्य साइबर अपराधों का शिकार होने से सुरक्षित बचाया गया। साथ ही सायबर ठगी में उपयोग करने वाले फर्जी 2600 से अधिक मोबाइल नंबरों, जिनके माध्यम से सायबर फ्रॉड किया गया है या सायबर फ्रॉड करने का प्रयास किया गया है उन नंबरों को चिन्हित कर सायबर सेल के माध्यम से ब्लॉक कराया गया है।

### सराहनीय योगदान

उक्त सराहनीय कार्य में सायबर सेल प्रभारी प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर,प्रआर सचिन चौहान,मप्रआर गीतिका कानूनगो, मुर्तजा कर्नल,आर युवराज सोलंकी,सोनू कुमार,मआर आरती सिंह,नैना खान, निशा पाटोरिया,आर राहुल बड़ोले,मोनू राणावत की सराहनीय भूमिका रही।

## कांग्रेस की युवा स्वाभिमान साइक्लोथान यात्रा 14 को

### प्रदेश अध्यक्ष पटवारी साइकिल से पहुंचेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देश में लगातार पेपर लीक की घटनाओं, बेकसूर युवाओं की आत्महत्याओं और भर्ती घोटालों के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में 14 से 15 जुलाई को 'युवा स्वाभिमान जेन-झेड साइक्लोथॉन' निकाली जा रही हैं। कांग्रेस प्रवक्ता हारिस गजधर ने बताया कि यह साइकिल यात्रा, इंदौर से शुरू होकर 15 जुलाई को भोपाल पहुंचेगी, जिसका उद्देश्य लगातार हो रहे पेपर लीक प्रकरणों पर युवाओं को जागरूक करना व सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना है। उक्त यात्रा 14 जुलाई को देवास से होकर गुजरेगी। यात्रा की विस्तृत योजना एवं तैयारियों को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी की सोमवार को एक आवश्यक बैठक, अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय पर, आज सम्पन्न हुई। गौतम द्वारा कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा कर, रैली को सफल बनाने हेतु जवाबदारियां व दायित्व सौंपे गए। बैठक को वरिष्ठ नेता शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा, जाहिद पठान, सुजीत सांगते, मनोज हेतावल, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौहान, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह गौड़, रोशन रायकवार, इशान राणा, कल्याण सिंह पंवार, नीरज नागर, कुलदीप परिहार, भूपेश चौधरी, मंजीत ठाकुर, दिग्विजय सिंह झाला, डॉ.मंसूर शेख, शाहजी हाशमी, सलमान बेग, प्रहलाद मिस्त्री, विकास बारोड़ आदि ने संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह गौड़, गोवर्धन देसाई,कमल मुकाती, डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर, मनोज सांगते, कल्लू भाई राष्ट्रीय, डेनी पहलवान, कालू सिंह राजपूत, आरिफ मेव, मोहित शर्मा, विमल चौधरी, महेंद्र धारू, दीपेश हरोडे, तौसिफ पठान, अभिषेक चौहान, अरूण बराया, प्रथम सिंह पंवार, कमलेश गुप्ता, यशवंत कुशवाह आदि मौजूद रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर गोष्ठी की



**देवास।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्मजयंती के अवसर पर वार्ड क्रमांक 12 के शक्ति केंद्र राजाराम नगर में वार्डवासियों की उपस्थिति में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री एवं देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव रहे। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान एवं उनके द्वारा स्थापित मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक पोरवाल ने किया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक कमल निगम, बाबूलाल चौधरी, गौरव श्रीवास, महेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा, जयेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 200 लोगों ने कराई जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया स्वास्थ्य परामर्श

देवास। सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्था हमारे बढ़ते कदम बाल एवं महिला वेलफेयर सोसायटी द्वारा वार्ड क्रमांक 12 स्थित भारत माता चौराहे के पास निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उज्जैन के एसएन कृष्णा हॉस्पिटल के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत अजमेरा एवं उनकी टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों के 200 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवास विधायक गायत्रीराजे पवार उपस्थित रहीं। वहीं महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, नगर निगम सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व महापौर रेखा वर्मा तथा कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## मार्कशीट में बड़ी गड़बड़ीः डीईओ कार्यालय में किया हंगामा फिजिक्स की जगह संस्कृत छपने से छात्रा का भविष्य अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब 12वीं की एक छात्रा एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ अपनी मार्कशीट में हुई गंभीर त्रुटि को लेकर पहुंची। छात्रा और कार्यकर्ताओं ने डीईओ के कक्ष में धरना देकर जमकर नारेबाजी की तथा तत्काल सुधार की मांग की।

पीड़ित छात्रा टीना बागवान ने बताया कि उसने 12वीं बोर्ड परीक्षा के सभी विषयों की परीक्षा दी थी। बाद में दो विषयों में सप्लीमेंट्री आने पर उसने ₹रुक जाना नहीं₹ योजना के तहत दोबारा परीक्षा दी, जिसमें वह दोनों विषयों में सफल हो गई, लेकिन जारी की गई संशोधित मार्कशीट में गंभीर लापरवाही सामने आई। छात्रा का कहना है कि उसने फिजिक्स विषय की परीक्षा दी थी, जबकि मार्कशीट में फिजिक्स की जगह संस्कृत विषय दर्ज कर दिया गया। इस त्रुटि के कारण छात्रा पिछले करीब दो महीने से कॉलेज में प्रवेश नहीं ले पा रही है। कई बार संबंधित अधिकारियों के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर वह सोमवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंची।प्रदर्शन के दौरान छात्रा भावुक हो गई और कहा कि यदि उसकी मार्कशीट में जल्द सुधार नहीं किया गया तो वह डीईओ कार्यालय में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेगी। वह अपने साथ फांसी का फंदा भी लेकर पहुंची थी।

वहीं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने भी जिला शिक्षा अधिकारी को प्रतीकात्मक रूप से फांसी का फंदा भेंट करते हुए कहा कि यदि विभाग एक छात्रा का भविष्य नहीं बचा सकता, तो उसकी जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए दोषियों पर कार्रवाई और छात्रा की मार्कशीट में तत्काल सुधार की मांग की। फिलहाल जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर छात्रा की समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल इस गंभीर त्रुटि को कब तक सुधारता है और छात्रा को समय रहते कॉलेज में प्रवेश मिल पाता है या नहीं।

## 14-15 जुलाई को इंदौर से भोपाल तक निकलेगी कांग्रेस की रैली, कार्यकर्ताओं ने बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



कांग्रेस द्वारा 'छात्रों की गूंज' अभियान तहत 14-15 जुलाई को इंदौर से भोपाल तक युवाओं के साथ साइकिल रैली (साइक्लोथॉन) निकाली जाएगी। इसके साथ ही 15 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव तथा जुलाई के अंतिम सप्ताह में उज्जैन भूमि प्रकरण के विरोध में विशाल जन-आंदोलन आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों की तैयारियों और संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भौरासा के शक्ति माता मंदिर परिसर में नगर कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य अतिथि सोनकच्छ जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि 14 जुलाई को इंदौर से शुरू होने वाली साइकिल यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा, जबकि जुलाई के अंतिम सप्ताह में उज्जैन भूमि प्रकरण के विरोध में व्यापक जन-आंदोलन किया जाएगा।टोंकखुर्द जनपद अध्यक्ष पोप सिंह सेंधव ने उज्जैन भूमि प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि पूरे मामले की पारदर्शी जांच होना आवश्यक है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपी कृष्ण व्यास ने अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई।जिला उपाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने किसानों को समय पर डीएपी-यूरिया उपलब्ध नहीं होने, खाद की कालाबाजारी, पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं मिलने तथा नीट और सीबीएसई परीक्षाओं से जुड़े विवादों को लेकर राज्य और केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। बैठक में टोंकखुर्द भौरासा ब्लॉक प्रभारी श्याम भंडारी, जिला उपाध्यक्ष राजेश धाकड़, नगर प्रभारी दिलीप यादव, कांतिलाल यादव, रमेशचंद ईनानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव ने किया, जबकि आभार नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर ने व्यक्त किया।

कमलापुर को मिलेगा आधुनिक थाना भवन, वर्षों तक अस्थाई भवनों से चला काम

# 1.92 करोड़ से दीपावली तक भवन तैयार होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



लगभग तीन दशक के लंबे इंतजार के बाद कमलापुर क्षेत्र को अपना आधुनिक थाना भवन मिलने जा रहा है। वर्ष 2017 के किसान आंदोलन में आगजनी के दौरान पुलिस चौकी भवन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया था। इसके बाद पुलिस चौकी पहले आंगनबाड़ी भवन और बाद में पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन से संचालित होती रही।

अब प्रदेश शासन द्वारा 1 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से नए थाना भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य युद्धस्तर पर जारी है। कमलापुर क्षेत्र में थाना स्थापित करने की मांग पिछले 25 से 30 वर्षों से लगातार उठाई जा रही थी। इस संबंध में कई बार शासन और पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव भेजे गए। क्षेत्र की बढ़ती आबादी और कानून-व्यवस्था की आवश्यकताओं को देखते हुए प्रदेश सरकार ने 22 अप्रैल 2024 को कमलापुर पुलिस चौकी का उन्नयन कर उसे थाना का दर्जा दिया। हालांकि थाना बनने के बाद भी भवन नहीं होने के कारण उसका संचालन पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन से ही किया जाता रहा। नया थाना भवन इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर करोंदिया फाटा के समीप लगभग साढ़े तीन बीघा शासकीय भूमि पर बनाया जा रहा है। भवन में आधुनिक कार्यालय, रिकॉर्ड कक्ष, मालखाना, महिला सहायता कक्ष, पूछताछ कक्ष सहित पुलिस कार्यप्रणाली के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। थाना प्रभारी सजन सिंह मीणा ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। यदि कार्य इसी गति से चलता रहा तो दीपावली तक अधिकांश निर्माण कार्य पूरा होने की संभावना है। नए भवन के शुरू होने से पुलिस व्यवस्था अधिक व्यवस्थित और प्रभावी होगी, वहीं आम नागरिकों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गौरतलब है कि 8 जून 2017 को किसान आंदोलन के दौरान उग्र प्रदर्शनकारियों ने कमलापुर पुलिस चौकी में आग लगा दी थी, जिससे भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद पुलिस को वर्षों तक अस्थायी भवनों से अपनी जिम्मेदारियां निभानी पड़ीं। अब स्थायी और आधुनिक थाना भवन बनने से पुलिस को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्षों से पुलिस सीमित संसाधनों के बीच अपनी सेवाएं दे रही थी। नए भवन के निर्माण से पुलिस व्यवस्था मजबूत होगी और क्षेत्रवासियों को अधिक प्रभावी एवं सुविधाजनक पुलिस सेवाएं मिल सकेंगी। कमलापुर थाना बनने का एक बड़ा लाभ इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी मिलेगा। वर्तमान में डबल चौकी से कन्नौद के बीच कोई पूर्ण थाना नहीं है। इस मार्ग पर सड़क दुर्घटनाएं, जाम, वाहन चोरी, लूट, मारपीट एवं अन्य घटनाओं के दौरान पुलिस को दूर से पहुंचना पड़ता है। नए थाना भवन के शुरू होने से घटनास्थल तक पुलिस की त्वरित पहुंच संभव होगी और कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

**ऐसे बदली पुलिस की तस्वीर**

- 8 जून 2017 : किसान आंदोलन के दौरान पुलिस चौकी भवन आगजनी में नष्ट।
- 2017–2024 : आंगनबाड़ी एवं बाद में पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन से संचालन।
- 22 अप्रैल 2024 : पुलिस चौकी का उन्नयन कर थाना बनाया गया।
- 2026 : 1.92 करोड़ रुपये की लागत से करोंदिया फाटा पर आधुनिक थाना भवन का निर्माण शुरू।
- दीपावली 2026 (संभावित) : नए थाना भवन के तैयार होकर पुलिस के शिफ्ट होने की उम्मीद।

### देश की उन्नति और हिंदू राष्ट्र घोषणा की कामना के साथ अमरनाथ यात्रियों का दल रवाना



**देवास।** जम्मू कश्मीर की बर्फीली पर्वत श्रृंखलाओं में अमरनाथ गुफा पर बाबा बर्फानी का बड़ा प्राकृतिक स्वरूप प्रकट हो गया है। देश प्रदेश की उन्नति और हिंदू राष्ट्र की घोषणा की कामना लेकर 28 वर्षो से लगातार बाबा बर्फानी के सर्वप्रथम दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने वाले संस्था जय भोले के सयोजक शैलेन्द्र सिंह गौड़ (डॉ. नानू) के नेतृत्व में 6 जुलाई, सोमवार को 8 यात्रियों का जत्था बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए भोले की फौज करेगी मौज का नारा लगाते के साथ रवाना हुए। अमरनाथ यात्रा पर जा रहे शैलेन्द्र सिंह गौड़ सहित जत्थे में शामिल अंकुश जाधव, अरूण राठौड, आशु कौशल, रितेश माली विक्की मालवीय ,विशाल चौहान, संदीप चौधरी, का स्वागत सुभाष चौक पर शिवशक्ति नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा पुष्पमाला से किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र पहाडिय़ा, राजू पहाडिय़ा गोपाल चौधरी अमन गौड़ गोविंद बोरीवाल, कैलाश बोरीवाल,विवेक चौहान,जितेंद्र जाधव,शुभम माली,आदि ने पुष्पमालाएं पहनाते हुए सकुशल यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रियो को रवानगी के पूर्व नीम, गुलमोहर, बिलवपत्र पौधों और बीज उपहार स्वरूप भेंट किए गए, सभी यात्री यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर जहां-जहां विश्राम करेंगे वहां पर बीजों का रोपण कर पौधरोपण हेतु आमजनों को जागरुक करेंगे। जिससे पर्यावरण की रक्षा व वातावरण स्वच्छ रहे।

## खबर संक्षेप



### अमृतसर से निकली सिख संगत यात्रा का स्वागत किया

ललितपुर। गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सचखंड एक्सप्रेस से अमृतसर गुरुद्वारा गुरु के महल से चलकर नांदेड़ हजूर साहब जा रही सिख संगत की यात्रा का कमेटी द्वारा आज ललितपुर स्टेशन पर पहुंचकर स्वागत किया गया व गुरु के प्रसाद वितरित किए उधर अमृतसर से आई हुई संगत ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ललितपुर के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, मंत्री चरणजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह जी भाटिया, अमोल सिंह,अगमजोत सिंह, मैनेजर केदार सिंह पिंटू ,का सरोपा भेंट कर सम्मानित किया व सुखद यात्रा की कामना की अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जखौरा पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस द्वारा 1 वारण्टी अभियुक्त झन्डू ठाकुर उर्फ मुलायम पुत्र हनुमत उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम नगवास थाना जखौरा जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर, सम्बंधित न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (त्वरित न्यायालय), जनपद ललितपुर के समक्ष पेश किया गया ।

### ऑटो चालकों को बांटी फर्स्ट एड किट

**विदिशा।** लायंस क्लब विदिशा सनराइज द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में ऑटो चालकों को फर्स्ट ऐड किट वितरित की गई। क्लब के अध्यक्ष डॉ. अमित ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक ऑटो में फर्स्ट ऐड किट रखना आवश्यक है, ताकि सड़क दुर्घटना या आपात स्थिति में घायल व्यक्ति को तुरंत प्राथमिक उपचार देकर उसकी जान बचाने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब जनहित, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सेवा के कार्यों में लगातार सक्रिय है।

### गुलाबगंज के कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह संपन्न

**गुलाबगंज।** शासकीय कॉलेज गुलाबगंज में 1 से 3 जुलाई तक नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह (प्रवेशोत्सव-2026) आयोजित किया गया। समापन पर प्राचार्य प्रो. मणि मोहन मेहता ने विद्यार्थियों का स्वागत कर अनुशासन और उत्कृष्ट अध्ययन के लिए प्रेरित किया। असिस्टेंट प्रोफेसर अजीता मीणा ने ई-लाइब्रेरी, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, विषय चयन और एबीसी प्रणाली की जानकारी दी।

### लेखपालों की कार्यप्रणाली पर सख्त, लापरवाही मिलने पर निलंबन की चेतावनी

# संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी जनशिकायतें, मौके पर कई का निस्तारण कराया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शासन की मंशा के अनुरूप स्थानीय स्तर पर जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को तहसील तालबेहट में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का स्वयं मौके पर जाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही समस्या निस्तारण का वास्तविक पैमाना है, इसलिए किसी भी शिकायत का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपालों एवं राजस्व निरीक्षकों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी तालबेहट को निर्देश दिए कि लेखपालों एवं कानूनगो द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक आख्या का स्वयं परीक्षण एवं नियमित समीक्षा करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि किसी भी राजस्व कर्मी के कार्य में लापरवाही, उदासीनता अथवा प्रलोभन लेने जैसी शिकायत सत्य पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध निलंबन सहित कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग जनता से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए इसमें पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पात्र फरियादियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में भी प्रभावी पहल की गई। एक दिव्यांग महिला की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के माध्यम से दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन ऑनलाइन कराया तथा निर्देश दिए कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए संबंधित लाभार्थी को अगले माह से हर हाल में पेंशन का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देशित किया कि आकाशीय बिजली, अतिवृष्टि एवं अन्य दैवीय आपदाओं से प्रभावित व्यक्तियों के मामलों में तत्काल मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन करें, समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा पात्र पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि किसी भी पीड़ित परिवार को राहत मिलने में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही के कारण कोई पात्र पीड़ित दैवीय आपदा राहत अथवा मुआवजे से वंचित पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से पूरी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए पीड़ितों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम तेरई निवासी धमेन्द्र तनय दशरथ ने उनकी भूमि पर विपक्षीगणों द्वारा जबरन टीन शेड लगा लिये जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तालबेहट, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को संयुक्त रुप से नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम पिपरई निवासी रामस्वरुप पुत्र घनश्याम सहरिया ने लेखपाल व आरआई द्वारा उनकी जमीन की नाप नहीं किये जाने व अवैध धन मांगे जाने की शिकायत की, इस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार स्तर से जांच कराने के निर्देश दिये।

ग्राम सेमराडांग निवासी राधा पत्नी बृजलाल अहिरवार ने उनकी भूमि पर विपक्षियों द्वारा सरकारी पत्थर गड्डी तोड़कर कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष बार, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को संयुक्त रुप से नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार भूपत तनय रखू निवासी बार ने उनकी भूमि पर मनरेगा योजनान्तर्गत भूमि सुधार का कार्य दिखाकर धनराशि निकाल लेने व मौके पर कोई कार्य न किये जाने की शिकायत की, इस पर जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को स्वयं जांचकर नियमानुसार कार्यवाही कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। तालबेहट तहसील अन्तर्गत ग्राम बुदावनी निवासी ऊषा ने दिव्यांग पेंशन न आने की शिकायत की, जिस पर उनके फार्म को देखकर पाया गया कि फार्म फाइनल लॉक नहीं है, उन्हें सलाह दी गई की फार्म पूरा भरवाकर आधार अथेन्टीकेशन कराने के बाद फाईनल लॉक करायें और कार्यालय में जमा करा दें। लाखन तनय चिमन अरिवार निवासी गदयाना ने रास्ते पर दीवार खड़ी करने व सरकारी हैण्डपम्प पर कब्जा कर अपने मकान के अंदर कर लेने की शिकायत की, इस पर थानाध्यक्ष बार व लेखपाल को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर ये शिकायतें मिलीं

तहसील तालबेहट में कुल 160 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 36, विकास के 14, पुलिस के 32, विद्युत के 11 तथा अन्य विभागों के 67 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 19 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 35 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 12, पुलिस के 05, विद्युत के 04, विकास विभाग का 01 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील पाली में कुल 30 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 20, चकबंदी के 07, पुलिस का 01 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 11, पुलिस के 05, चकबंदी का 01, पूर्ति का 01, विद्युत का 01, नगर पंचायत का 01 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 20 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, पुलिस के 10 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह, क्षेत्राधिकारी तालबेहट एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मौसम विज्ञान विभाग ने जनपद के लिए अलर्ट घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में संभावित प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों/भारी वर्षा/आँधी-तूफान/अतिवृष्टि/आकाशीय बिजली आदि के दृष्टिगत जनसामान्य की सुरक्षा, जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को रोकने तथा त्वरित राहत एवं बचाव कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु निम्न निर्देश निर्गत किए जाते हैं। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी आगामी मौसम पूर्वानुमान जनपद के लिए अलर्ट घोषित किया गया है जिसमें (तीव्र आंधी-तूफान, वज्रपात और भारी वर्षा) के दृष्टिगत, जनपद ललितपुर के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे सुरक्षा के मानकों का पूर्णतः पालन करें, आंधी-तूफान (70-100 किमी/घंटा) के दौरान घरों के अंदर रहें। बड़े होर्डिंग्स, साइनबोर्ड, कमजोर दीवारों और पुराने पेड़ों के नीचे आश्रय न लें। समस्त संबंधित विभाग मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान एवं चेतावनियों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा प्राप्त अलर्ट के अनुसार त्वरित कार्यवाही करें। जनपद स्तरीय नियंत्रण कक्ष/आपदा नियंत्रण कक्ष को पूर्ण सक्रिय अवस्था में रखा जाए तथा 247 मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका /नगर पंचायत एवं संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर आवश्यक एहतियाती व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें। पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण, नगर निकाय, राजस्व, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन एवं अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र (फी२स्त्रङ्कल्लरी टॣँल्लर२) को सक्रिय रखें। संभावित जलभराव, वृक्ष गिरने, विद्युत पोल/तार क्षतिग्रस्त होने, सड़क अवरोध, भवन क्षति अथवा अन्य आपदा संबंधी घटनाओं से निपटने हेतु आवश्यक संसाधन एवं मानवबल अग्रिम रूप से उपलब्ध रखा जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आवश्यक दवाइयाँ, प्राथमिक उपचार सामग्री, एम्बुलेंस एवं आपात चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नगर निकायों द्वारा जल निकासी व्यवस्था, नालों की सफाई, जलभराव वाले क्षेत्रों की निगरानी तथा कमजोर/क्षतिग्रस्त संरचनाओं, होर्डिंग्स आदि के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग द्वारा जर्जर विद्युत तारों, पोलों एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आपातकालीन मरम्मत दलों को सक्रिय रखा जाए। आमजन को सोशल मीडिया, प्रचार-प्रसार वाहन, सार्वजनिक उद्घोषणा, ग्राम पंचायतों, विद्यालयों एवं अन्य माध्यमों से मौसम संबंधी सावधानियों एवं एडवाइजरी का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। समस्त विभाग अपने-अपने विभागीय आपदा प्रबंधन प्लान की समीक्षा कर अद्यतन कार्ययोजना तैयार रखें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी आपदा/दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्य संचालित करते हुए जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को न्यूनतम करने हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समस्त संबंधित अधिकारी जनपद स्तर पर स्थिति की सतत समीक्षा करते हुए आवश्यक सूचनाएँ तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आपातकालीन संपर्क नंबर : पुलिस / अग्निशमन सेवा : 100 / 101 एम्बुलेंस सेवा : 108 / 102, जिलाधिकारी कार्यालय कंट्रोल रूम : 1077, 05176-272613 उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उत्तरदायी होंगे।

### पुलिस ने कार्रवाई की

## मिशन शक्ति, एंटी रोमियो टीमों ने मिशन शक्ति अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक के निर्देशन में आज दिनांक 06.07.2026 को जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एण्टी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बस स्टैण्डों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं, छात्राओं एवं बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों जैसे डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेंटर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, साइबर अपराधों से बचाव तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं का तत्काल उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

### प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण लक्ष्य के सापेक्ष जिले में रोपे जाएंगे 10453400 पौधे

## पौधरोपण करके संरक्षण करना सबकी जिम्मेदारी: जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शासन द्वारा प्रदेश में 35 करोड़ पौधारोपण लक्ष्य के सापेक्ष जनपद को 1 करोड़ 4 लाख 53 हजार 400 वृक्षारोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है, इन पौधों को वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद के चिन्हित स्थालों पर रोपा जाएगा। अभियान को सफल रूप में सम्पादित कराये जाने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की रूपरेखा निर्धारित की और अधिकारियों को लक्ष्य आवंटित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्यों को पूरी ईमानदारी से पूर्ण करेंगे और वृक्षारोपण के उपरान्त लगाये गए पौधों का संरक्षण भी करेंगे। जिस तरह प्रकृति ने हमे सहेजा है, उसी प्रकार हमारा भी दायित्व है कि हम भी प्रकृति को सहेजें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग वृक्षारोपण हेतु 10 तारीख तक हर हाल में पौध उठान करा लें और अपने विभाग को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष चिन्हित स्थलों पर मा0 जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कराते हुए स्थल वार जियोटेग्ड फोटो केंद्र सरकार के पोर्टल ह्यमेरीलाइफह्व पर अपलोड किये जाने हेतु नोडल विभाग को प्रेषित करें। इसके साथ ही हरीतिमा एप के माध्यम से स्वयं भी पौधरोपण स्थलों की जियो टैंगिंग करें।

बैठक में डीएफओ ने बताया गया कि प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण किया जाना है, जिसके अंतर्गत जनपद स्तर पर 1 करोड़ 4 लाख 53 हजार 400 वृक्षारोपण का लक्ष्य आवंटित हुआ है, जिमसें वन विभाग 51 लाख 80 हजार एवं अन्य विभागों को 52 लाख 73 हजार 400 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन विभागों में पर्यावरण विभाग को 207000, ग्राम्य विकास विभाग को 2623000, राजस्व विभाग को 202000, पंचायती राज विभाग को 288000, आवास विकास विभाग को 25400, औद्योगिक विकास को 25900, नगर विकास को 98600, लोक निर्माण विभाग को 52000, सिंचाई एवं जल संसाधन को 56000, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति को 28000, रेशम विभाग को 30000, कृषि विभाग को 812000, पशु पालन विभाग को 39000, सहकारिता को 13000, उद्योग विभाग को 46500, ऊर्जा विभाग को 13000, माध्यमिक शिक्षा को 21600, बेसिक शिक्षा को 25000, प्राविधिक शिक्षा को 16000, उच्च शिक्षा को 66900, श्रम विभाग को 18100, स्वास्थ्य विभाग को 47000, परिवहन विभाग को 13600, रेलवे विभाग को 35000, रक्षा विभाग को 27000, उद्यान विभाग को 404000 तथा गृह विभाग को 39800 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वृक्षारोपण हेतु स्थलों का चिन्हीकरण व विभागों द्वारा पौध उठान की कार्यवाही की जा रही है, उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर अभियान को सफल बनाने के लिए मा0 जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे जनपद के विभिन्न स्थलों पर वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन प्रकाश शाक्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश भारती, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।




### चौपाल सागर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

## मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, युवाओं और ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए प्रभावी उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

साइबर सुरक्षा जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को चौपाल सागर में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस दौरान एसपी रोहित काशवानी, एएसपी प्रशांत चौबे मौजूद रहे। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं, युवाओं, ग्रामीण नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने अन्य छात्रों को भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों की जानकारी देते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई। लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें तथा संदिग्ध कॉल और संदेशों से सावधान रहें। साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान करते हुए रुको... सोचो... एक्शन लो का संदेश दिया। कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी आशीष राय, सूबेदार मेघा शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## बिजली कंपनी कार्यालय की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, तीन शातिर चोर गिरफ्तार

### 2.20 लाख का चोरी गया तांबे का तार व घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



कोतवाली पुलिस ने एमपीवीवीपी कार्यालय में हुई चोरी का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से चोरी गया तांबे का तार तथा घटना में प्रयुक्त एक ऑटो बरामद किया है। जब्त सामान की अनुमानित कीमत 2 लाख 20 हजार रुपए बताई गई है। फरियादी गोपाल मसराम निवासी शास्त्री नगर की शिकायत पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में विल्सन जोसेफ (26) निवासी जतरापुरा, सोनू यादव (18) निवासी बांके बिहारी कॉलोनी, ढोलखेड़ी तथा रोहित आदिवासी (22) निवासी जतरापुरा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए पूरे मशरूका की बरामदगी के साथ प्रकरण का निराकरण कर लिया।

### संस्कृत भारती के कार्यकर्ताओं ने संस्कृत की समस्याओं को लेकर चैयरमेन को सौंपा ज्ञापन

# संस्कृत बोर्ड के माध्यम से राजगढ़ जिले को दूंगा नई सौगात: कौशल शर्मा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले के प्रवास दौरे पर शनिवार को आए महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के चैयरमेन कौशल शर्मा को शहर के भोपाल बायपास स्थित होटल युवराज इन में संस्कृत भारती के स्थानीय कार्यकर्ताओं और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलवर यादव की टीम ने शॉल श्रीफल साफा बांध पुष्पमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस दौरान संस्कृत भारती के जिला संयोजक राद्यवेन्द्र तिवारी, राजनारायण ओझा, सत्यनारायण यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने जिले में संस्कृत विषय को लेकर आ रही समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद चेयरमेन शर्मा अपने काफिले के साथ संडावता के पास स्थित संस्कृत ग्राम झीरी पहुंचे, जहां पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होने संस्कृत ग्राम झीरी का भ्रमण कर ग्रामीणों से संस्कृत में बात की और नन्ही-नन्ही बालिकाओं ने भी गांव पहुंचे सभी अतिथियों को संस्कृत भाषा में चर्चा कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा कि राजगढ़ जिले में यह मेरा पहला प्रवास दौरा है, मुझे यहा पर संस्कृत के प्रति बहुत कुछ देखने को मिला है, मैं इस जिले में संस्कृत बोर्ड से नई सौगात देने की घोषणा करता हू। अब मैं जब भी यहा आउंगा तो नई सौगात लेकर ही आउंगा। आप सभी ध्यान रखे सभी भाषाओं की जनने कहलाने वाली इस मातृ भाषा संस्कृत के प्रति हमे समर्पित होकर कार्य करना होगा।

#### मां बिजासन माता के दर्शन कर, संस्कृत आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

संस्थान के चैयरमेन श्री शर्मा संस्कृत ग्राम झीरी से सीधे भैसवामाता की पहाड़ी पर विराजमान मां विजासन माता के दर्षन किया। इसके बाद वहां पर संचालित हो रहे संस्कृत आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। जहा पर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों से संस्कृत में चर्चा कर उनको मिल रही सुविधाओं के बारे में जाना।

#### संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रसास किए जाएंगे

भैसवामाता में भ्रमण करने के बाद सांसद रोड़मल नागर की उपस्थित में आयोजित सम्मान समारोह में चैयरमेन श्री शर्मा ने कहा कि भैसवामाता के बारे में जितना सुना था, उससे हमे यहा पर कई अधिक देखने को मिला है, संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। यह पर आपको संस्कृत आवासीय विद्यालय में और अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाकर शिक्षा दे अगर किसी भी चीज की कमी खलती है, तो मुझे सीधा फोन पर बताएं या मेरे पास आप लोग जो भी समस्या लेकर आओगे उसका तत्काल समाधान करवाया जाएगा। साथ ही जब भी मैं यहा पर अगली बार आउंगा, तब कुछ न कुछ नई सौगात लेकर ही आउंगा। संस्कृत के लिए कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद देता है, कि आप लोग इस ईष्वरीय कार्य को करने में लगे हुए हो। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन संस्कृत प्रभारी कंवरलाल यादव ने किया। इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलवर यादव, जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, डी.आर यादव, बापूसिंह सुमन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुषवाह, अरविंद शर्मा, रामगोपाल दांगी, उदयसिंह चौहान झीरी, लक्ष्मीनारायण चैहान झीरी सहित संस्कृत बोर्ड के पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

#### ज्ञापन में यह रखी मांगें

- कक्षा 9 एवं 11 में संस्कृत के स्थान पर आईटी व्यूटी व्यावसायिक विषय दिए जा रहे हैं, जो नहीं दिया जाना चाहिए।
- राजगढ़ जिले में तहसील ब्यावरा, खिलचीपुर, सारंगपुर और राजगढ़ के महाविद्यालयों में संस्कृत नहीं होने से 12वीं संस्कृत से उर्तीण विद्यार्थी आगे की पढ़ाई से वंचित हो रहे है, अत: इन महाविद्यालयों में संस्कृत विषय को प्रारंभ करवाया जाए।
- माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल पाठ्यक्रम में कक्षा 11 में भाषा एवं विषय कोड एक होने से संस्कृत भाषा पढने में दुविधा बनी हुई है, अत: भाषा एवं विषय दोनो में संस्कृत के अलग-अलग कोड करवाएं।

### क्षेत्रवासियों के लिए राहत की खबर

## कल-कल कर बहने लगी कालीसिंध बारिश के पहले सीजन में पहली बार जीवनदायिनी नदी में पहुंचा पानी



हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर

मानसून की सक्रियता के साथ क्षेत्रवासियों के लिए राहत और खुशी की खबर सामने आई है। बारिश के पहले ही दौर में सारंगपुर की जीवनदायिनी कालीसिंध नदी में पानी की आमद शुरू हो गई है। लंबे इंतजार के बाद नदी का कल-कल करता प्रवाह देखकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। नदी में पानी आते ही आसपास के ग्रामीणों और शहरवासियों ने नदी तट पर पहुंचकर इस सुखद दृश्य का आनंद लिया। कालीसिंध नदी सारंगपुर और आसपास के क्षेत्र के लिए जल का प्रमुख स्त्रोत मानी जाती है। हर वर्ष मानसून में नदी के भरने से जलस्तर में सुधार होता है, जिससे किसानों, पशुपालकों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलती है। इस बार बारिश के पहले सीजन में ही नदी में पानी पहुंचने से अच्छी वर्षा की उम्मीद भी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह लगातार बारिश होती रही तो खरीफ फसलों की बुवाई को गति मिलेगी और सिंचाई की चिंता भी काफी हद तक कम होगी।क्षेत्र के लोगों का मानना है कि कालीसिंध का बहना केवल पानी का प्रवाह नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि का संकेत है। नदी में पानी आने से पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा और भूजल स्तर में सुधार होने की संभावना है। लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि इस वर्ष अच्छी वर्षा हो, जिससे कालीसिंध पूरे वर्ष लबालब रहे और क्षेत्र में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।

#### पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए, किसानों को 12 घंटे मिले बिजली

**हरिभूमि न्यूज विदिशा।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने शनिवार को माधवगंज चौराह पर धरना दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने कहा कि किसान समय पर खाद नहीं मिलने, कालाबाजारी, पर्याप्त बिजली के अभाव, ई-टोकन व्यवस्था की अव्यवस्था तथा फसलों के उचित मूल्य नहीं मिलने जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाए कि किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराई गई, मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित नहीं हुई, ई-टोकन व्यवस्था समाप्त नहीं की गई और प्रतिदिन 12 घंटे निर्बाध बिजली नहीं मिली तो किसान कांग्रेस गांव-गांव जाकर चरणबद्ध आंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर सुविधाओं के लिए परेशान हैं।

#### आकाशीय बिजली गिरने से 132 केवी लाइन में फॉल्ट, बिजली सप्लाई बाधित

खुजनेर। क्षेत्र में अचानक हुई धमाकेदार बारिश से आकाशीय बिजली गिरने से 132 केवी टॉवर लाइन में तकनीकी खराबी आने के कारण रविवार को खुजनेर क्षेत्र की 100 से 120 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। इसके चलते नगर सहित आसपास के 33 केवी फीडरों से जुड़े शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बंद कर दी गई। विद्युत मंडल खुजनेर से मिली जानकारी के अनुसार 132 केवी लाइन में आए फॉल्ट के कारण 33 केवी खुजनेर, भीलखेड़ी, पाल्याखेड़ी, कालियाखेड़ी, साबरसिया, कचनारिया और गोरियाखेड़ा संडावता अन्य फीडरों की सप्लाई बंद कर दी गई। इससे इन फीडरों से जुड़े दर्जनों गांवों और खुजनेर नगर की बिजली आपूर्ति 4 से 5 घंटे प्रभावित हुई है।

## बारिश में अस्थायी पुल भी बंद, पार्वती नदी पर आवागमन पूरी तरह ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़



बैरसिया-नरसिंहगढ़ मार्ग पर बरायठा के समीप पार्वती नदी पर बनाया गया अस्थायी मार्ग रविवार को लगातार बारिश के चलते बंद करना पड़ा। नदी का जलस्तर बढ़ने से मार्ग पर पानी आ जाने के बाद प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन पूरी तरह रोक दिया। रविवार को नरसिंहगढ तहसीलदार अनाग्रिका कनोजिया मौके पर पहुंचीं और जेसीबी मशीन से अस्थायी मार्ग पर गड्ढे खुदवाकर रास्ता बंद कराया, ताकि कोई वाहन या व्यक्ति जोखिम उठाकर नदी पार न कर सके। प्रशासन ने लोगों से जलस्तर कम होने तक वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और बंद मार्ग से गुजरने का प्रयास नहीं करने की अपील की है।

करीब डेढ़ वर्ष पूर्व पार्वती नदी पर बने स्थायी पुल को क्षतिग्रस्त एवं असुरक्षित घोषित किए जाने के बाद उस पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए नदी के बीच अस्थायी मार्ग तैयार किया गया, जिससे छोटे वाहनों की आवाजाही हो रही थी। लेकिन बीते वर्ष बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने पर यह मार्ग भी बंद करना पड़ता है। इससे राजगढ़, भोपाल, विदिशा और सीहोर जिलों के बीच संपर्क बाधित हो जाता है तथा यात्रियों, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आमनागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस साल भी बारिश के चलते इसे बंद कर दिया गया पार्वती नदी पर नए पुल के निर्माण के लिए विधानसभा के बजट सत्र में लगभग 22 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है। इस स्वीकृति के लिए नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, बैरसिया विधायक विष्णु खत्री तथा ब्यावरा विधायक एवं राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए थे।

#### पैथोलॉजी जांचों में 20% की विशेष छूट मिलेगी

**विदिशा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, एवं एसएस डायग्नॉस्टिक के सहयोग से मरीजों को राहत देने के लिए नई स्वास्थ्य सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत रेडक्रॉस पॉलीक्लीनिक में पंजीकृत मरीजों को एसएस. डायग्नॉस्टिक सेंटर पर सभी प्रकार की पैथोलॉजी जांचों में 20 प्रतिशत की विशेष छूट मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य मरीजों के उपचार का आर्थिक बोझ कम करना और गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं सुलभ कराना है। रेडक्रॉस पॉलीक्लीनिक में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित ओपीडी, कम शुल्क में परामर्श तथा फिजियोथेरेपी जैसी सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

## संबल योजना: कलेक्टर के प्रयास से शिकायतों के निराकरण में विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना से संबंधित पंजीयन एवं अपील प्रकरणों के निराकरण में विदिशा जिला प्रदेशभर में अग्रणी बनकर उभरा है।



कलेक्टर अंशुल गुप्ता की नियमित समीक्षा और सतत मॉनिटरिंग के चलते जिले में शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में केवल 22 शिकायतें ही लंबित हैं, जो प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में बेहद कम हैं।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश की समीक्षा में 30 दिन से लेकर 500 दिनों तक लंबित शिकायतों का आकलन किया गया। इस दौरान विदिशा का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। जिले में लंबित 22 शिकायतों में से 20 शिकायतें 30 दिन के भीतर की हैं, जबकि केवल दो शिकायतें 99 दिन के अंदर की हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में 100 दिन से अधिक समय से लंबित एक भी शिकायत नहीं है। इसके विपरीत, राजधानी भोपाल में संबल योजना से जुड़ी 664 शिकायतें अभी भी लंबित हैं। वहीं प्रदेश के कई अन्य जिलों में 200 से 400 तक शिकायतें लंबित बनी हुई हैं। ऐसे में शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निराकरण के मामले में विदिशा ने मिसाल कायम की है। प्रशासन का कहना है कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग, समयबद्ध कार्रवाई और अधिकारियों की जवाबदेही तय किए जाने से यह उपलब्धि हासिल हुई है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि शेष लंबित शिकायतों का भी शीघ्र निराकरण कर आम नागरिकों को संबल योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए।

## नगर में फाइनेंस कंपनियों की रेपो एजेंटों की दबंगई, बाइक सवार से थाने के बाहर मारपीट, कैमरे में कैद घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

रविवार को हाट बाजार के दौरान बकाया बाइक किस्त के नाम पर बीच सड़क पर हुई झूमाझटकी और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो खुजनेर थाने के बाहर का बताया जा रहा है। जिससे पुलिस की कार्यशैली और रेपो टीमों की मनमानी पर भी सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार हाट बाजार में तीन व्यक्ति बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान फाइनेंस कंपनी की रेपो टीम ने उसे रोक लिया। आरोप है कि बाइक की कुछ किस्तें



बकाया होने पर टीम के सदस्यों ने युवक के साथ पहले बहस की, फिर झूमाझटकी शुरू कर दी और बाइक की चाबी छीनने का प्रयास किया। आसपास भीड़ जमा हो गई। मामला बढ़ता देख दोनों पक्ष खुजनेर थाने पहुंचे। थाने के बाहर ही एक बार फिर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और धक्का-मुक्की हुई। इसी दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया जो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग आपस में हाथापाई करते और इधर-उधर भागते और पत्थर फेंकते नजर आ रहे हैं कानून हाथ में ले रहे एजेंट स्थानीय लोग का कहना है कि यहां पहली घटना नहीं है। नगर में पिछले 6 महीने में बकाया वसूली के नाम पर रेपो टीमों द्वारा दबाव, गाली-गलौज और वाहन जब्ती की शिकायतें कहीं बार सामने आ चुकी हैं। साथ ही कुछ शिकायतें तो थाने तक पहुंची।

#### 1 साल से फरार 5 हजार का इनामी चोर गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज पठारी।** एक साल पहले ग्राम कांकरखेड़ी में हुई बाइक चोरी का आरोपी को पठारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह ने बताया कि ग्राम कंकालखेड़ी में बाइक की चोरी हुई थी। बाइक चोर गुल्ला रोहित पिता ओरन सूर्यवंशी उम्र 25 साल निवासी ग्राम खजुरिया थाना पठारी को पकड़ने के लिए 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। जिसे मुखबिर की सूचना पर पठारी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह, एएस आई राजेश कुकरेती, प्रधान आरक्षक उत्तम सिंह, आरक्षक वीरेंद्र कुमार, गणेशराम पंथी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

